**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

1. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक से जुड़े मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

2. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं परीक्षा के अपने परिणामों से असंतुष्ट विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा का मौका देने का फैसला किया।
3. पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने 12 वीं कक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।
4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया - श्री आदिबद्री नारायण मंदिर में पूजा अर्चना की।
5. आकाशवाणी की स्थापना के 90 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी के चंडीगढ़ केंद्र द्वारा सुखना झील पर वॉकेथॉन का आयोजन किया गया।

*********************************************************************

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने आज नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक से जुड़े एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंधारे महाराष्ट्र के पुणे की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका हैं। उन्हें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था।

जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी की वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान के प्रश्न पत्रों तक पूरी पहुंच थी। सीबीआई ने कहा कि उन्होंने 14 मई को गिरफ्तार की गई मनीषा वागमारे के माध्यम से नीट परीक्षा के संभावित उम्मीदवारों को जुटाया और पुणे स्थित अपने आवास पर इन विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाईं।
इस मामले में अब तक दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें से पांच आरोपियों को पहले ही अदालत में पेश किया जा चुका है और विस्तृत पूछताछ के लिए सात दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। कल गिरफ्तार किए गए अन्य दो आरोपियों को पुणे की अदालत में पेश किया गया और पारगमन रिमांड के बाद दिल्ली भेज दिया गया है।
पिछले 24 घंटों में, सीबीआई ने देश भर में छह स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

*********************************************************************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने निष्पक्ष, पारदर्शी और समान मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। बोर्ड ने कहा है कि जो विद्यार्थी 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अपने परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, वे दो चरणों वाली समीक्षा प्रणाली का लाभ उठा सकते हैं। इसके पहले चरण में, विद्यार्थी 19 से 22 मई के बीच अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां मांग सकते हैं। जिसका शुल्क प्रति विषय सात सौ रुपये है। ये ऑनलाइन लॉगिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी और समीक्षा के लिए डाउनलोड की जा सकती हैं।

जबकि दूसरे चरण में, छात्र विसंगतियों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं या अंकन योजना के आधार पर विशिष्ट उत्तरों के पुन:मूल्यांकन का अनुरोध कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा कि सभी आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए, और प्रत्येक चरण के लिए केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा। पाई गई समस्याओं के सत्यापन और पुन:मूल्यांकन के लिए आवेदन 26 से 29 मई के बीच जमा किए जा सकते हैं।

*****************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी बी एस ई की 12 वीं कक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सरकारी विद्यालयों के 57 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

चंडीगढ़ में पंजाब लोक भवन में आयोजित "प्रतिभाशाली छात्र सम्मान समारोह" के दौरान श्री कटारिया ने चंडीगढ़ के सरकारी विद्यालयों के प्रदर्शन में निरंतर सुधार की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने चंडीगढ़ को गौरवान्वित किया है तथा सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था में निरंतर बढ़ रही शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.25 रहा, जो राष्ट्रीय औसत 85.2 प्रतिशत से 2.05 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष 29 विद्यार्थियों के मुकाबले 57 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 348 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 225 थी। जो शैक्षणिक परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, उभरती तकनीकों और आधुनिक शिक्षण अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यमुनानगर में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सरस्वती उद्गम स्थल श्री आदिबद्री नारायण मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की तरक्की की कामना की। उन्होंने इस मौके पर हरियाणा के विकास कार्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

---

हिसार में भी आज भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि देश भर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका, ईरान और इजरायल ईरान युद्ध के बाद में जो हालात उत्पन्न हुए हैं, उसके कारण इस तरह के फ़ैसले लेने पड़े हैं।

श्री गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा अपना काफिला कम करने का काम किया। उन्होंने भी अपने काफिले से पायलट गाड़ी को हटाया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम ईंधन खर्च करने की जो अपील की है उसका सभी को एकजुट होकर समर्थन करना चाहिए।

*****************************************************************

आकाशवाणी की स्थापना के 90 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी के चंडीगढ़ केंद्र द्वारा आज वॉकेथॉन का आयोजन किया। चंडीगढ़ की सुखना झील पर आयोजित इस वॉकेथॉन को प्रसार भारती के चंडीगढ़ में क्लस्टर प्रमुख सुमित गोयल ने झंडी दिखाई।

अढ़ाई व 5 किलोमीटर की इस वाकेथान में आकाशवाणी प्रमुख विकास भट्ट, समाचार प्रमुख अश्विनी कुमार शर्मा व कार्यक्रम प्रमुख पूनम अमृत सिंह, पत्र सूचना दफ्तर के प्रमुख प्रीतम सिंह,दूरदर्शन समाचार प्रमुख आकांक्षा सहित आकाशवाणी परिवार और सहयोगी कार्यालयों के सेवारत व सेवामुक्त कर्मचारियों व अधिकारियों और उनके पारिवारिक सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। देश भर में किए जा रहे इन आयोजनों का उद्देश्य जन जन की वाणी आकाशवाणी की "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना है।

*****************************************************************

हरियाणा पुलिस की नई आईटी पहल के तहत पहली बार प्रदेश में नव नियुक्त कांस्टेबल के जिला व यूनिट आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संपन्न की गई।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कंप्यूटर पर एक क्लिक के साथ इस प्रक्रिया को पूरा किया।

इस पारदर्शी प्रणाली के तहत 5100 पुरुष एवं 1797 महिला कांस्टेबल से ऑनलाइन माध्यम से उनकी पसंद पूछी गई, ताकि उन्हें उनकी मेरिट अथवा वरिष्ठता के अनुसार उनकी पसंद के जिले व यूनिट आवंटित किए जा सकें। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि यह पहल पुलिस भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और तकनीक के बेहतर उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**********************************************************************

आज शनिचरी अमावस्या पर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा व देश के अन्य राज्यों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र ब्रह्म सरोवर में स्नान किया और जरूरतमंदों को काले तिल, उड़द की दाल, काले कपड़े, छाता, जूते-चप्पल का दान किया। शाम को पीपल के पेड़ के नीचे और सरोवर के तट पर सरसों के तेल के दीपक जलाए गए। पंडित राकेश गोस्वामी ने बताया कि आज ज्येष्ठ अमावस्या के दिन शनि जयंती और वट सावित्री व्रत का महासंयोग बना है। जिससे इसका महत्व और बढ़ गया।

**********************************************************************

पलवल स्थित जाट धर्मशाला में आज जाट समाज विकास समिति द्वारा "चौपाई महामेले" का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने महमेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम एवं पूर्व विधायक दीपक मंगला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आज की पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने में मदद मिलती है। इस दौरान नीट की रद्द हुई परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में श्री ढांडा ने कहा कि उसपर जांच चल रही है। हाल ही में घोषित हुए 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणामों को लेकर कहा कि 2013-2014 में पास प्रतिशत 48 फीसदी था लेकिन भाजपा सरकार ने जो व्यापक कदम उठाए हैं उसी का परिणाम है कि आज सरकारी स्कूल पास प्रतिशत में निजी स्कूलों के नजदीक हैं।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा "स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरण" के उद्देश्य से महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के अंतर्गत संचालित माहवारी स्वच्छता मिशन को जींद जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। आंगनवाड़ी नीरीक्षक दर्शना देवी ने बताया -

सरकार की यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य सुधारने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

**********************************************************************